श्रम और रोजगार मंत्रालय

ईएसआई स्कीम के अंतर्गत जून, 2024 में 21.67 लाख नए श्रमिक नामांकित हुए

25 वर्ष की आयु तक के 10.58 लाख युवा कर्मचारियों ने नए पंजीकरण कराए

ईएसआई स्कीम में 4.32 लाख महिला कर्मचारियों का नामांकन हुआ

ईएसआई स्कीम के तहत जून, 2024 में 13,483 नए प्रतिष्ठान पंजीकृत हुए

ईएसआई स्कीम के तहत जून, 2024 में 55 ट्रांसजेंडर कर्मचारियों का पंजीकरण हुआ

Posted On: 22 AUG 2024 5:46PM by PIB Delhi

ईएसआईसी के आज जारी अनंतिम पेरोल आंकड़ों के अनुसार जून, 2024 में 21.67 लाख नए कर्मचारी जुड़े हैं।

जून, 2024 में 13,483 नए प्रतिष्ठानों को ईएसआई स्कीम के सामाजिक सुरक्षा दायरे में लाया गया है, जिससे अधिक श्रमिकों को सामाजिक सुरक्षा सुनिश्चित होगी।

इसके अतिरिक्त, वर्ष दर वर्ष विश्लेषण से जून 2023 की तुलना में शुद्ध पंजीकरण में 7 प्रतिशत की वृद्धि प्रदर्शित होती है।

वर्ष दर वर्ष तुलना			
शीर्ष	**जून 2023**	**जून 2024**	**वृद्धि**
माह के दौरान पंजीकृत नये कर्मचारियों की संख्या	20.27 लाख	21.67 लाख	1.40 लाख

आंकड़ों से यह पता चलता है कि माह के दौरान जोड़े गए कुल 21.67 लाख कर्मचारियों में से 10.58 लाख कर्मचारी, जो कुल पंजीकरण का लगभग 49 प्रतिशत हैं, 25 वर्ष तक की आयु वर्ग के हैं।

इसके अतिरिक्त, पेरोल डेटा का जेंडर-वार विश्लेषण से प्रदर्शित होता है कि जून, 2024 में महिला सदस्यों का शुद्ध नामांकन 4.32 लाख रहा है। इसके अतिरिक्त, जून, 2024 में कुल 55 ट्रांसजेंडर कर्मचारियों ने भी ईएसआई स्कीम के तहत पंजीकरण कराया है, जो समाज के हर वर्ग को इसका लाभ पहुंचाने की ईएसआईसी की प्रतिबद्धता को प्रमाणित करता है।

पेरोल डेटा अनंतिम है क्योंकि डेटा तैयार करना एक सतत प्रक्रिया है।

***

एमजी/एआर/एसकेजे/एसएस

(Release ID: 2047789) Visitor Counter : 46

Read this release in: Telugu , English , Urdu , Marathi